# Dayanand College, Hisar

## NSS Activities for the session 2020-21

**1 June 2020 to 31 May 2021**

1. The NSS unit of Dayanand College, Hisar celebrated Independence Day on 15 August 2020.

   Total Students = 100 & NSS POs = 04 + Teachers = 2



दयानंद महाविद्यालय

हिसार | दयानंद महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने ध्वजारोहण किया।

2. The NSS unit of Dayanand College, Hisar celebrated National Youth day on 12.01.2021. Speaker – Narender Soni and Topic – Youth & Journalism.

   Total Students = 125 & NSS POs = 04 + Teachers = 4

## पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में डीएन कॉलेज की विधी रही प्रथम



कार्यक्रम में शामिल प्रिंसिपल डॉ. विक्रमजीत।


हिसार| राष्ट्रीय युवा दिवस और स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर दयानंद महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने महात्मा हंसराज हॉल में स्वास्थ्य और पर्यावरण विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और युवाओं की राष्ट्रीय जिम्मेदारी विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने छात्रों के साथ अपने विचार सांझा किए। नरेंद्र सोनी, सहायक प्रोफेसर जनसंचार विभाग ने पत्रकारिता में युवा शीर्षक से एक व्याख्यान भी दिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम वर्ष की विधी ने पहला, बीए द्वितीय वर्ष के अंकुश ने दूसरा तथा बीकॉम प्रथम वर्ष की प्रियंका मित्तल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

3. The NSS unit of Dayanand College, Hisar organized an awareness programme on "Road Safety" in collaboration with RTA Department of Hisar held on 23.01.2021. Total Students =160 & NSS POs = 04 + Teacher = 04












# डीएन कॉलेज में कैडेटस ने आकर्षक रंगोली बनाकर दिया सड़क सुरक्षा का संदेश




**पाठकपक्ष न्यूज**

हिसार, 25 जनवरी : 'सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा यह है हिसार वासियों का संकल्प' विषय पर शनिवार को आर.टी.ए कार्यालय की ओर से दयानंद कॉलेज में व्यापक संगोष्ठी, सेमिनार, भाषण, चिन्तन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह आर.टी.ए कार्यालय के सचिव और दयानन्द कॉलेज के एन.एस.एस, एन.सी.सी विंग के सामंजस्य से किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के तौर पर आर.टी.ए सचिव डॉ. सुनील कुमार मौजूद थे और मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त आयकर आयुक्त पी.के शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत में एन.एस.एस, एन.सी.सी विंग के कैडेटस ने सड़क सुरक्षा संबंधी आकर्षक रंगोलियां बनाई। इसके बाद सेमिनार में कहा गया कि बढ़ते हुए औद्योगिकरण, बढ़ते रोड का नेटवर्क के साथ जैसे विकास की धारा बढ़ रही है वैसे ही सड़क दुर्घटनाओं का नकारात्मक असर उसके दुष्प्रभाव के रूप में आ रहा है। शाम को 6 से 10 बजे के बीच में शराब पीकर अत्याधिक उत्तेजित होकर गाड़ी चलाने से भी दुर्घटनाएं होती हैं और अगर विभिन्न आयु समूहों का आंकलन किया जाए तो 18 से 35 साल के युवा की सड़क दुर्घटना होने की ज्यादा संभावना रहती है। कार्यक्रम में आयकर आयुक्त और डी.एन. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत और युवकों ने विकास हरियाणवी के द्वारा गाई रागणी की सी.डी का भी विमोचन किया। इस रागणी के मुख्य बोल जैसे एक बात बतायुं यार मैं जब भी बैठो कार में मत ना चलो रफ्तार में ये संदेश हमारा है, इस रागणी की सी.डी, डी.वी.डी विभिन्न प्रतिभागियों, पदाधिकारियों को प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त आयकर आयुक्त ने भी गीता और रामायण के दोहों से प्राचीन काल और आधुनिक काल में उतावलापन और अनुशासनहीनता के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर प्रकाश डाला। एचसीएस रिटायर्ड बीर सिंह ने विद्यार्थियों को उदाहरण देकर सड़क दुर्घटनाओं से बचने के तरीके बताए। इसके अलावा आर.टी.ए सचिव ने दुर्घटना के बाद के गोल्डन हावर की महत्ता, गुड सम्राट इन लॉ और फर्स्ट एड के बारे में भी विचार विमर्श किया। एन.एस.एस/एन.सी.सी विंग के बच्चों ने इस दौरान सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित कविता सुनाई। इस दौरान दयानंद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत ने अपने भाषण में कहा कि सड़क सुरक्षा को स्कूली पाठयक्रम में अपनाना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने आर.टी.ए सचिव का धन्यवाद किया और सड़क सुरक्षा जागरूकता का इतना व्यापक कार्यक्रम कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए किया व भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम लगातार अंतराल पर करने का आग्रह किया। इसके अतिरिक्त गत वर्ष 15 से 25 दिसम्बर को हिसार जिले के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने पेंटिंग, निबंध कम्पीटीशन में भाग लिया था उन्हें इसी कार्यक्रम के दौरान और प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को आयकर आयुक्त, सचिव, आर.टी.ए व अन्य पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। पांचवीं से 8वीं क्लॉस पेटिंग, निबंध, क्विज




प्रतियोगिता सैक्शन में ओ.पी. जिन्दल स्कूल की अवनि लोहिया ने पहला स्थान, मानवी को दूसरा स्थान और आर्यन को तीसरा स्थान मिला। इसके अलावा नौवीं से 12वीं कक्षा प्रतियोगिता सैक्शन में फ्रांसिस जेवीयर स्कूल के विनय को प्रथम, सौरभी को द्वितीय जबकि स्माल वण्डर की नैंसी को तृतीय स्थान मिला। सभी बच्चों को आकर्षक पुरस्कार दिए गए। बच्चों ने कार्यक्रम के अंत में उपस्थित पदाधिकारियों/युवाओं को सड़क सुरक्षा शपथ दिलवाई। कार्यक्रम के दौरान आर.टी.ए कार्यालय से चरणजीत, सहायक सचिव, राजेश, मोटर वाहन अधिकारी, कुलदीप, परिवहन निरीक्षक, आनन्द, परिवहन उप निरीक्षक, ललित कुमार, परिवहन उप निरीक्षक, धर्मवीर, परिवहन उप निरीक्षक, यश वर्मा आदि तथा डी.एन कॉलेज की ओर से डा. अनूप परमार, डॉ. विवेक श्रीवास्तव, एन.एस.एस अधिकारी सुरेन्द्र बिश्नोई, शर्मिला गुनपाल, सुरेश यादव, डॉ. आदित्य, डॉ. नीरू उपस्थित थे।



4. Celebrated Voters day held on 25.01.2021.

Total Students = 123 + Teachers = 3

# भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र, यहां का मतदाता जागरूक–विक्रमजीत



**पाठकपक्ष न्यूज**

हिसार, 25 जनवरी : दयानन्द महाविद्यालय, हिसार में एन.एस.एस. द्वारा मतदाता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एन.एस.एस. वॉलंटियर ने भाषण एवं कविताओं के माध्यम से मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि मतदान ही लोकतन्त्र का आधार है। भारत का लोकतन्त्र न केवल दुनिया का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है बल्कि सबसे व्यवस्थित व सुदृढ़ लोकतन्त्र भी है। इसका कारण यह है कि यहाँ का मतदाता बहुत जागरूक है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से समय पर मतदान करने की अपील की व समाज को भी इस बारे में जागरूक करने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ. विवेक श्रीवास्तव, अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने विद्यार्थियों को मतदान से सम्बन्धित शपथ ग्रहण करवाई। इस अवसर पर एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र कुमार, डॉ. सुरेश यादव, डॉ. शर्मिला गुणपाल, मीनाक्षी चौहान उपस्थित थे।

5. Celebrated Republic day held on 26.01.2021.

Total Students = 76 + NSS Pos = 04 +Teachers = 3

# दयानन्द महाविद्यालय के प्राचार्य ने गणतन्त्र दिवस पर ध्वजारोहण किया



**पाठकपक्ष न्यूज**

हिसार, 27 जनवरी : दयानन्द महाविद्यालय में आज 72वां गणतन्त्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इसमें महाविद्यालय की एन.सी.सी. यूनिट्स तथा बड़ी संख्या में एन.एस.एस. के स्वयं सेवकों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर देशभक्ति से प्रेरित गीत, कविताओं तथा औजपूर्ण तरीके से भाषणों के द्वारा अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने ध्वजारोहण किया जिसके साथ ही समारोह का आरम्भ हुआ। उन्होंने अपने उदबोधन में विद्यार्थियों को संविधान की महता तथा संविधान की आज के समय में प्रासंगिकता पर सारगर्भित संभाषण किया। उन्होंने बताया कि संविधान में लोगों के अधिकारों के साथ-साथ उनके कर्तव्यों का भी उल्लेख किया हुआ है। उन्होंने विद्यार्थियों को आह्वान किया कि उन्हें संविधान के बारे में पूरा ज्ञान होना चाहिए। संविधान देश की आत्मा है। इस अवसर पर एनएसएस की कार्यकारी अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र कुमार, सुरेश कुमार, तथा एनसीसी अधिकारी डॉ. आदित्य के अतिरिक्त बड़ी संख्या में स्टाफ के सदस्य उपस्थित थे।

6. NSS Volunteers participated in Pulse Polio Camp from 31.01.2021 to 02.02.2021.

Total Students = 20








7. NSS Volunteers participated in Marathon organized by RTA, Department of Hisar held on 21.02.2021. Total Students = 50






8. NSS unit celebrated “Azadi Ka Amrit Mohotsav” by conducted a talk held on 12.03.2021. Speaker – Dr. Mahender Singh, Asso. Prof. & Total Students = 135 NSS POs = 04 + Teachers = 03






9. NSS volunteers participated in a short video competition under Red Ribbon Club of the college and organized by Haryana state AIDS control society. The Volunteers secured 1st position in district level and 2nd position in state.

   Total Students = 06

# लघु फिल्म प्रतियोगिता में डीएन कालेज राज्य स्तर पर द्वितीय तथा जिला में रहा प्रथम



**पाठकपक्ष न्यूज**

हिसार, 6 जुलाई : हरियाणा स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी द्वारा वर्ल्ड एड्स डे पर आयोजित लघु फिल्म प्रतियोगिता में दयानन्द महाविद्यालय, हिसार ने राज्यस्तर पर द्वितीय व जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। जिसके लिए प्रतिभागी विद्यार्थियों को सरकार द्वारा प्राप्त 19,000/- रूपये की ईनाम राशि व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को यह राशि व प्रमाण-पत्र महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह व रेड रिब्बन क्लब की प्रभारी डॉ. अर्चना मलिक ने प्रदान की। दिव्यांशु, सुबोध, जतिन, हितेश, पीयूष, विक्रम ने लघु फिल्म मेकिंग प्रतियोगिता में 'रक्तदान' पर बनाई गई लघु फिल्म प्रस्तुत की थी। इस लघु फिल्म में रक्तदान के महत्व को बहुत ही मार्मिक व जीवंत रूप में चित्रित किया गया था। इस अवसर पर फिल्म के निर्माण में सहयोग करने वाले डॉ. सुरेन्द्र बिश्नोई, मंजीत सिंह, डॉ. आदित्य, प्रोफेसर मंजू शर्मा उपस्थित थे।

10. NSS unit of Dayanand College, Hisar organized an Annual Camp on 01.03.21 to 07.03.21 in Satrod Khas village.

Total Students = 104 (Girls = 54 and Boys = 50)

NSS POs = 04






राष्ट्रीय सेवा योजना


Plantation Drive
National Service Scheme
Dayanand College, Hisar
Lets Workout Together to Protect Our Environment


NATIONAL SERVICE SCHEME
राष्ट्रीय सेवा योजना

# वेस्ट का बैस्ट प्रयोग करते हुए गन्दगी से बचें : डॉ . अनिल



हिसार/08 मार्च/रिपोर्टर

गांव सातरोड खास में दयानन्द महाविद्यालय की ओर से आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) ईकाइयों का साप्ताहिक शिविर स्वच्छता, शिक्षा व पर्यावरण संरक्षण के साथ सम्पन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि गुजवि के एनएसएस समन्वय डॉ. अनिल भांखर रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने की। इस अवसर पर डॉ. अनिल भांखर ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार हम वेस्ट का बैस्ट प्रयोग करते हुए गन्दगी से बच सकते हैं और पर्यावरण की भी रक्षा कर सकते हैं। प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने शिविर के सफल आयोजन पर स्वयंसेवकों को बधाई दी व भविष्य में भी देश व समाज की सेवा में तत्पर रहने का आह्वान किया। समापन समारोह में सांस्कृतिक, खेलकूद व अन्य गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय रहने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित भी किया गया। इस शिविर में 120 स्वयंसेवकों ने भाग लिया था। शिविर के दौरान जागरूकता रैली, स्वच्छता अभियान, पौधारोपण के साथ स्वयंसेवकों को व्याख्यान के माध्यम से स्वयंसेवकों को व्यक्तित्व विकास, करयिर, अधिकार कर्तव्य बोध आदि के बारे में शिक्षित किया गया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र कुमार बिश्नोई, प्रो. सुरेश यादव, प्रो. मीनाक्षी चौहान, डॉ. शर्मिला गुणपाल, वरिष्ठ स्वयंसेवक पंकज, पवन, डॉ. जयसिंह आदि मौजूद रहे।

The NSS Units of Dayanand College Hisar organised seven days camp at Village Satrod Khas from 1st March to 7th of March. NSS volunteers organised various activities during these seven days. The camp was inaugurated by Professor Sandeep Singh Rana ji, Dean of Colleges Guru Jambheshwar University of Science & Technology Hisar.

## नकारात्मकता जीवन की सबसे बड़ी विकलांगता-प्रो. संदीप राणा




पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 2 मार्च : एन.एस.एस. समाज सेवा, व्यक्तित्व, विकास और सकारात्मकता का मंच है। शिक्षा को समाज के हित में कैसे प्रयुक्त किया जाए यह शिक्षा हमें एन.एस.एस. से मिलती है। अनुशासन जीवन में बहुत आवश्यक है। हमें जीवन में समाधान का हिस्सा बनना चाहिए समस्या का नहीं। नकारात्मकता जीवन की सबसे बड़ी विकलांगता है। ये विचार आज प्रोफेसर संदीप राणा, डीन ऑफ कॉलेजिज, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, हिसार ने दयानन्द महाविद्यालय, हिसार में आयोजित एन.एस.एस. ईकाईयों द्वारा आयोजित होने वाले साप्ताहिक शिविर के उद्घाटन समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में व्यक्त किए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे समाज के सामने एक आदर्श उदाहरण बने जिससे दूसरों को प्रेरणा मिल सके। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र बिश्नोई ने सभी का स्वागत किया व सात दिवसीय शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रो. मीनाक्षी चौहान ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. अनूप

### डीएन कॉलेज के 125 स्वयंसेवकों व ग्रामीणों ने मिलकर चलाया सफाई अभियान



### त्मकता ही व्यक्तित्व निर्माण करती है :



### सातरोड में शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों ने किया पौधारोपण



# डीएन कॉलेज के स्टूडेंट्स की शॉर्ट मूवी रक्तदान ने प्रदेश में पाया दूसरा स्थान

## वर्ल्ड एड्स डे पर लघु फिल्म प्रतियोगिता आयोजित हुई थी



**सिटी रिपोर्टर •** हरियाणा स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी द्वारा वर्ल्ड एड्स डे पर आयोजित लघु फिल्म प्रतियोगिता में दयानंद कॉलेज हिसार ने राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यार्थी दिव्यांशु, सुबोध, जतिन, हितेश, पीयूष, विक्रम ने लघु फिल्म मेकिंग प्रतियोगिता में रक्तदान पर बनाई लघु फिल्म प्रस्तुत की थी।

इस लघु फिल्म में रक्तदान के महत्व को बहुत मार्मिक और जीवंत रूप में चित्रित किया गया था। इस उपलब्धि पर विजेता टीम को 15 हजार रूपये की नकद ईनाम राशि प्रदान की जाएगी। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने विजेता विद्यार्थियों तथा रेड रिबन क्लब की प्रभारी डॉ. अर्चना मलिक को बधाई दी। इस फिल्म के निर्माण में डॉ. सुरेंद्र बिश्नोई, डॉ. शर्मिला गुणपाल, डॉ. आदित्य, डॉ. नीरू बाला, प्रो. मंजू शर्मा का विद्यार्थियों को विशेष मार्गदर्शन मिला।

11. The NSS units organized an online webinar on "Role of NSS during COVID-19" and Poster Competition held on 06.05.2021.

    Chief Guest – Dr. Sukhwinder Singh, Deputy Director (DGHE) and Dr. Anil Bhaker, NSS Coordinator, GJU S&T, Hisar

    Students = 250


    **NSS POs = 04 + NCC ANOs = 03 = 07**

# आपदा की घड़ी से सबको मिलकर निपटना होगा-सुखविंदर सिंह


**पाठकपक्ष न्यूज**





हिसार, 6 मई : देश और विश्व इस समय कोरोना आपदा से गुजर रहा है। ऐसे विकट समय में देश के प्रत्येक नागरिक का एक विशिष्ट कर्तव्य बनता है। इस आपदा की घड़ी से सबको मिलकर निपटना होगा। करोना वायरस एक अदृश्य शत्रु है उससे उससे सावधानी से ही लड़ा जा सकता है। ऐसे समय में एनएसएस और एनसीसी के वॉलंटियर की भूमिका अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। इन विद्यार्थियों को प्रबुद्ध नागरिक के तौर पर देखा जाता है। यह जन जागरण का समय है जन जागरण के माध्यम से ही इस आपदा से निपटा जा सकता है। एनएसएस और एनसीसी के विद्यार्थी समाज में एक जागृति पैदा कर सकते हैं। आपको कोरोना महामारी के विषय में फैले रहे भ्रम को लेकर समाज का मार्गदर्शन करना होगा। वैक्सीनेशन को लेकर समाज को प्रेरित करना होगा यही एनएसएस और एनसीसी का मोटो है कि जब भी अवसर मिले समाज सेवा देश सेवा का कार्य बढ़-चढ़कर करें। ये विचार आज दयानंद महाविद्यालय हिसार में एनसीसी एनएसएस की ओर से आयोजित एक वेबीनार में डॉक्टर सुखविंदर सिंह डिप्टी डायरेक्टर हायर एजुकेशन हरियाणा ने व्यक्त किए। डॉक्टर सिंह इस वेबिनार में मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। विशिष्ट अतिथि डॉ. अनिल भांखर, समन्वयक, एनएसएस गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय हिसार ने वालंटियर को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों का यह वर्ग समाज सेवा को विशेष रूप से समर्पित होता है। यह माना जाता है कि इन विद्यार्थियों में कर्तव्य बोध पूर्ण रूप से होता है। आप अपने कर्तव्य का पालन करते हुए इस महामारी के वक्त में अपना सर्वस्व योगदान देने या प्रयास करें। एनसीसी एनएसएस के वालंटियर ने बेबीनार में पोस्टरों के माध्यम से कोरोना के प्रति जागरूक किया। विद्यार्थियों ने अपने पोस्टरों में मास्क पहनने, टीकाकरण करवाने, स्वच्छता का ध्यान रखना, सामाजिक दूरी का पालन करने का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. सुरेंद्र बिश्नोई, डॉ. हेमंत शर्मा, डॉक्टर नीरू बाला, डॉक्टर शर्मिला गुणपाल, प्रो. मीनाक्षी चौहान प्रो सुरेश यादव उपस्थित थे।


REC
Ritusaini
Priyanka
GO AWAY
BEAT COVID-19
Nidhika
CORONA
Neha J
CORONA VIRUS
CORONA VIRUS
Call


Zoom Meeting
Dr. L.C. Bishnoi
Dr. Hemant Sharma
Abhishek Barala
Pooja
View
Recording...
00:52:29
Surinder Kumar
Unmute
Start Video
Security
159
Participants
Chat
Share Screen
Raise Hand
Pause/Stop Recording
More
End
Participants (159)
Find a participant
Dr. L.C. Bishnoi (Host, me)
Dr. Hemant Sharma (Co-host)
Surinder Kumar (Co-host)
Avnoor Singh VDJS (Co-host)
Suresh Kumar (Co-host)
193072250774
Aakash
Aarti
Abhay
Abhishek
Abhishek Barala
Aena Grover
Amitesh kumar
Anil Bhankhar
Anju
Invite
Mute All
Type here to search
ENG
11:44
06-05-2021


Zoom Meeting
Recording...
01:06:33
View
Dr. L.C. Bishnoi
Dr. Hemant Sharma
CDT Nishant Nandwal
Suresh Kumar
Anil Bhankhar
Sukhchain
Abhishek
CDT - Pritam Singh
Ask to Unmute
Tarsem
Dinesh saini
Ravinder
ANKIT BISHNOI
Prince Goswami
Pardeep Jangra
CDT Pritam
Manjeet
Redmi Y2
MONU Nindaniya
CDT. Parveen S...
Pooja
Bharat jangra
redmi y3
Manisha
Unmute
Start Video
Security
151
Participants
Chat
Share Screen
Raise Hand
Pause/Stop Recording
More
End
Participants (151)
Find a participant
Dr. L.C. Bishnoi (Host, me)
Anil Bhankhar (Co-host)
Dr. Hemant Sharma (Co-host)
Suresh Kumar (Co-host)
Surinder Kumar (Co-host)
193072250774
Aakash
Aarti
Abhishek
Abhishek Barala
Aena Grover
Amitesh kumar
Anju
ANKIT BISHNOI
Ankit D N College BMC 2nd Year..
Invite
Mute All
Type here to search
ENG
11:58
06-05-2021




Principal
Dayanand College.
HISAR